www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

20/FI/CC/M–2023–17

**Booklet Series** **B**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**Serial No.** **20746**

Question Booklet

# LAW

**Time Allowed : 2 Hours** **Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **100** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including two pages (Page Nos. 30 and 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. An Answer Sheet will be supplied to you along with Question Booklet to mark the answers. **You must write your Name, Roll Number, Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–2 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
8. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
9. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses—(A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are **four** circles—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
12. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
13. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

SEAL

www.prepp.in

1. *A* promises to deliver goods to *B* on a certain day on payment of ₹ 1,000. *A* dies before that day. Choose the correct option.

(A) Contract is void at the option of *B*

(B) Contract is void at the option of *A*'s representatives

(C) Both (A) and (B)

(D) *A*'s representatives are bound to deliver the goods to *B*, and *B* is bound to pay ₹ 1000 to *A*'s representatives

2. *A* signs the following instruments :

1. "I promise to pay *B* or order ₹ 500."

2. "I acknowledge myself to be indebted to *B* in ₹ 1,000 to be paid on demand, for value received."

3. "I promise to pay *B* ₹ 500, first deducting there out any money which he may owe me."

4. "I promise to pay *B* ₹ 500, and all other sums which shall be due to him."

Which of the above instruments are the promissory notes?

(A) 1 and 3

(B) 3 and 4

(C) 1 and 2

(D) 2 and 3

3. Under the Sale of Goods Act, goods does not include

(A) actionable claims

(B) stock and shares

(C) growing crops

(D) grass

4. What is the term of Office of Members of Monopolies and Restrictive Trade Practice Commission?

(A) Three years

(B) Four years

(C) Five years

(D) Six years

5. Which of the following cases is related to 'Doctrine of Frustration'?

(A) Chinnaya vs. Ramayya

(B) Boulton vs. Jones

(C) Krell vs. Henry

(D) All of the above

6. A contract may be void

(A) by fraud

(B) by coercion

(C) by undue influence

(D) when the act becomes impossible

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**1.** *A*, ₹ 1,000 का संदाय किए जाने पर *B* को अमुक दिन माल परिदत्त करने का वचन देता है। *A* उस दिन से पहले ही मर जाता है। सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) संविदा *B* के विकल्प पर शून्य है

(B) संविदा *A* के प्रतिनिधियों के विकल्प पर शून्य है

(C) (A) तथा (B) दोनों

(D) *A* के प्रतिनिधि *B* को माल परिदत्त करने के लिए आबद्ध हैं और *A* के प्रतिनिधियों को *B*, ₹ 1,000 देने के लिए आबद्ध है

**2.** *A* निम्नलिखित लिखतों पर हस्ताक्षर करता है :

1. "मैं *B* को या उसके आदेशानुसार ₹ 500 संदत्त करने का वचन देता हूँ।"

2. "मैं स्वीकार करता हूँ कि प्राप्त मूल्य के लिए मैं *B* का एक ₹ 1,000 का ऋणी हूँ, जो माँग पर संदत्त किए जाने हैं।"

3. "मैं *B* को ₹ 500, उसमें से पहले वह धन काटकर, जिसका वह मुझे देनदार हो, संदत्त करने का वचन देता हूँ।"

4. "मैं *B* को ₹ 500, और वे अन्य सब राशियाँ, जो उसे शोध्य होंगी, संदत्त करने का वचन देता हूँ।"

उपर्युक्त लिखतों में से कौन-से वचन-पत्र हैं?

(A) 1 और 3

(B) 3 और 4

(C) 1 और 2

(D) 2 और 3

**3.** माल विक्रय अधिनियम के अंतर्गत, माल में शामिल **नहीं** है

(A) अनुयोज्य दावे

(B) स्टॉक और अंश

(C) उगती फसलें

(D) घास

**4.** एकाधिकारी तथा प्रतिबंधकारी व्यापार व्यवहार आयोग के सदस्यों की पदावधि क्या है?

(A) तीन वर्ष

(B) चार वर्ष

(C) पाँच वर्ष

(D) छह वर्ष

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा वाद नैराश्यता के सिद्धांत से संबंधित है?

(A) चिन्नैया बनाम रमैया

(B) बोल्टन बनाम जोन्स

(C) क्रेल बनाम हेनरी

(D) उपर्युक्त सभी

**6.** एक संविदा शून्य हो जाती है

(A) कपट से

(B) उत्पीड़न से

(C) असम्यक् असर से

(D) जब कार्य असंभव हो जाता है

prepp Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** Under the Contract Act, the authority of an agent may be

(A) expressed only

(B) implied only

(C) expressed or implied

(D) None of the above

**8.** Deposits of valuables in the bank for safe custody amounts to

(A) pledge

(B) mortgage

(C) bailment

(D) All of the above

**9.** When is a firm compulsorily dissolved under Section 41 of the Partnership Act?

(A) By the adjudication of all the partners as insolvent

(B) By the death of a partner

(C) By the adjudication of a partner as an insolvent

(D) All of the above

**10.** Which one of the following is ***not*** pacific means of settlement of international disputes?

(A) Arbitration

(B) Pacific blockade

(C) Negotiation

(D) Judicial settlement

**11.** Articles 5, 6, 7, 8 and 9 of the Constitution of India came into force on

(A) 4th November, 1948

(B) 5th November, 1948

(C) 26th November, 1949

(D) 26th January, 1950

**12.** Article 371 of the Constitution of India provides special provision with respect to the States of

(A) Nagaland and Manipur

(B) Mizoram and Nagaland

(C) Meghalaya and Tripura

(D) Maharashtra and Gujarat

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** संविदा अधिनियम के अंतर्गत एक अभिकर्ता का प्राधिकार हो सकेगा

(A) केवल अभिव्यक्त

(B) केवल विवक्षित

(C) अभिव्यक्त या विवक्षित

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** सुरक्षित अभिरक्षा के लिए बैंक में कीमती सामान जमा करना कहलाता है

(A) गिरवी

(B) बंधक

(C) उपनिधान

(D) उपर्युक्त सभी

**9.** भागीदारी अधिनियम की धारा 41 के अंतर्गत कब फर्म अनिवार्य रूप से विघटित हो जाती है?

(A) सब भागीदारों के दिवालिया न्यायनिर्णित हो जाने से

(B) किसी भागीदार की मृत्यु हो जाने से

(C) किसी भागीदार के दिवालिया न्यायनिर्णित हो जाने से

(D) उपर्युक्त सभी

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण निपटारे का साधन **नहीं** है?

(A) माध्यस्थम

(B) शांतिपूर्ण नाकाबंदी

(C) वार्ता

(D) न्यायिक निर्णय

**11.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 5, 6, 7, 8, और 9 कब से लागू हुए?

(A) 4 नवम्बर, 1948

(B) 5 नवम्बर, 1948

(C) 26 नवम्बर, 1949

(D) 26 जनवरी, 1950

**12.** भारत के संविधान का अनुच्छेद 371 किन राज्यों के संबंध में विशेष उपबंध उपबंधित करता है?

(A) नागालैंड एवं मणिपुर

(B) मिजोरम एवं नागालैंड

(C) मेघालय एवं त्रिपुरा

(D) महाराष्ट्र एवं गुजरात

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** Which jurisdiction of the Supreme Court has been dealt with Article 143 of the Constitution of India?

(A) Appellate

(B) Advisory

(C) Original

(D) Writ

**14.** An ordinance issued by the President of India shall remain in force for the period of

(A) six months

(B) six weeks

(C) one year

(D) six weeks from the date of reassembly of the Parliament

**15.** Under which of the following Articles, the Government of India introduced the 'Bharat Ratna Award'?

(A) Article 14

(B) Article 18

(C) Article 25

(D) Article 31

**16.** Which Article of the Indian Constitution declares the Supreme Court as a court of record?

(A) Article 126

(B) Article 127

(C) Article 129

(D) Article 130

**17.** The Out of the following, which is called as mini Constitution of India?

(A) The Government of India Act, 1935

(B) 44th Constitutional Amendment

(C) 42nd Constitutional Amendment

(D) The Government of India Act, 1919

**18.** Under which Article of the UN Charter, the members of the United Nations have agreed to abide by the decisions of the Security Council?

(A) Article 26

(B) Article 27

(C) Article 25

(D) Article 28

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** भारत के संविधान का अनुच्छेद 143 उच्चतम न्यायालय के किस अधिकारिता का उल्लेख करता है?

(A) अपीलीय

(B) सलाहकारी

(C) आरंभिक

(D) रिट

**14.** भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश प्रवर्तन में रहेगा

(A) 6 महीने के लिए

(B) 6 सप्ताह के लिए

(C) 1 वर्ष के लिए

(D) संसद के पुनः समवेत होने से 6 सप्ताह तक

**15.** निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत, भारत सरकार ने 'भारतरत्न पुरस्कार' देना आरम्भ किया?

(A) अनुच्छेद 14

(B) अनुच्छेद 18

(C) अनुच्छेद 25

(D) अनुच्छेद 31

**16.** भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद उच्चतम न्यायालय को अभिलेख न्यायालय के रूप में घोषित करता है?

(A) अनुच्छेद 126

(B) अनुच्छेद 127

(C) अनुच्छेद 129

(D) अनुच्छेद 130

**17.** निम्नलिखित में से किसको भारत का सूक्ष्म संविधान कहा जाता है?

(A) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट, 1935

(B) संविधान का 44वाँ संशोधन

(C) संविधान का 42वाँ संशोधन

(D) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट, 1919

**18.** संयुक्त राष्ट्र चार्टर के किस अनुच्छेद के अंतर्गत, संयुक्त राष्ट्र के सदस्य सुरक्षा परिषद् के निर्णयों से बाध्य हैं?

(A) अनुच्छेद 26

(B) अनुच्छेद 27

(C) अनुच्छेद 25

(D) अनुच्छेद 28

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**19.** Which Article of the UN Charter provides for the expulsion of the member State?

(A) Article 7

(B) Article 4

(C) Article 5

(D) Article 6

**20.** Section 1 of the Indian Penal Code says about the

(A) definition of crime

(B) title and extent of operation of the code

(C) title and jurisdiction of the code

(D) Preamble of IPC

**21.** The Indian Penal Code is divided into

(A) XXI Chapters and 503 Sections

(B) XXII Chapters and 511 Sections

(C) XXIII Chapters and 511 Sections

(D) XXIII Schedules and 511 Sections

**22.** A hangman, who hangs the prisoner in pursuant to the order of the court, is exempted from criminal liability by virtue of which section of IPC?

(A) Section 77

(B) Section 78

(C) Section 79

(D) Section 76

**23.** *A* incites a dog to spring upon *Z*, without *Z*'s consent with the intention to annoy *Z*. Here A has committed an offence of

(A) criminal assault

(B) grievous hurt

(C) criminal force

(D) defamation

**24.** The 'rule of strict liability' was propounded by

(A) Lord Devlin

(B) Justice Blackburn

(C) Justice Holt

(D) Lord Atkin

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**19.** संयुक्त राष्ट्र चार्टर के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में सदस्य राष्ट्र के निष्कासन का प्रावधान किया गया है?

(A) अनुच्छेद 7

(B) अनुच्छेद 4

(C) अनुच्छेद 5

(D) अनुच्छेद 6

**20.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 1 कहती है

(A) अपराध की परिभाषा के विषय में

(B) संहिता का नाम और कोड के प्रवर्तन के विषय में

(C) संहिता का नाम और कोड के क्षेत्राधिकार के विषय में

(D) भारतीय दण्ड संहिता की उद्देशिका के विषय में

**21.** भारतीय दण्ड संहिता विभाजित है

(A) XXI अध्याय और 503 धाराओं में

(B) XXII अध्याय और 511 धाराओं में

(C) XXIII अध्याय और 511 धाराओं में

(D) XXIII अनुसूची और 511 धाराओं में

**22.** भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के आधार पर एक जल्लाद, जो किसी कैदी को न्यायालय के आदेश पर फाँसी देता है, आपराधिक दायित्व से मुक्त है?

(A) धारा 77

(B) धारा 78

(C) धारा 79

(D) धारा 76

**23.** *A* एक कुत्ते को *Z* की सहमति के बिना *Z* को परेशान करने के आशय से *Z* के ऊपर कूदने के लिए उकसाता है। यहाँ *A* ने अपराध किया है

(A) आपराधिक हमला का

(B) गंभीर उपहति का

(C) आपराधिक बल के प्रयोग का

(D) मानहानि का

**24.** 'कठोर दायित्व के नियम' को प्रतिपादित किया गया

(A) लॉर्ड डेवलिन द्वारा

(B) जस्टिस ब्लैकबर्न द्वारा

(C) जस्टिस होल्ट द्वारा

(D) लॉर्ड एटकिन द्वारा

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**25.** The doctrine of 'res ipsa loquitur' was applied by the Supreme Court in the case of

(A) Jasbir Kaur vs. State of Punjab

(B) Municipal Corporation of Delhi vs. Subhagwanti

(C) Alka vs. Union of India

(D) Asha Ram vs. Municipal Corporation of Delhi

**26.** 'Act of God' is also known by the name of

(A) Vis Major

(B) damnum fatale

(C) force majeure

(D) None of the above

**27.** 'Qui facit per alium facit per se' means

(A) liability under the law of negligence

(B) liability for unauthorized act

(C) vicarious liability

(D) strict liability

**28.** Making preparation to commit dacoity is punishable in the Indian Penal Code, 1860

(A) under Section 393

(B) under Section 395

(C) under Section 399

(D) under Section 396

**29.** Which one of the following is essential ingredient for the offence of theft under 378 of IPC?

(A) Fraudulently

(B) Dishonestly

(C) Without good faith

(D) Maliciously

**30.** In which Section of the Indian Partnership Act, 1932, the term 'partnership' is defined?

(A) Section 2

(B) Section 3

(C) Section 4

(D) Section 5

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**25.** 'परिस्थितियाँ स्वयं बोलती हैं' का सिद्धांत उच्चतम न्यायालय द्वारा लागू किया गया था

(A) जसवीर कौर बनाम पंजाब राज्य में

(B) म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, दिल्ली बनाम सुभगवंती में

(C) अल्का बनाम भारत संघ में

(D) आशाराम बनाम म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, दिल्ली में

**26.** 'दैवी कृत्य' को एक अन्य नाम से भी जाना जाता है

(A) विस मेजर (दैवी आपद्)

(B) घातक क्षति

(C) अप्रत्याशित घटना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** 'कई फेसिट पर एलियम फेसिट पर सी' का अर्थ है

(A) उपेक्षा विधि के अंतर्गत दायित्व

(B) अनधिकृत कार्य के लिए दायित्व

(C) प्रतिनिधिक दायित्व

(D) कठोर दायित्व

**28.** भारतीय दण्ड संहिता, 1860 में डकैती करने के लिए तैयारी करना दण्डनीय है

(A) धारा 393 के अंतर्गत

(B) धारा 395 के अंतर्गत

(C) धारा 399 के अंतर्गत

(D) धारा 396 के अंतर्गत

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 378 के अंतर्गत चोरी के अपराध का आवश्यक तत्त्व है?

(A) कपटपूर्वक

(B) बेईमानीपूर्वक

(C) सद्भाव के बिना

(D) विद्वेषपूर्ण

**30.** भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 की किस धारा के अंतर्गत पद 'भागीदारी' परिभाषित है?

(A) धारा 2

(B) धारा 3

(C) धारा 4

(D) धारा 5

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** Which of the following Articles of the Indian Constitution deals with the meaning of State?

(A) Article 12

(B) Article 13

(C) Article 14

(D) Article 11

**32.** What is the maximum limit of reservation for Economically Weaker Sections (EWS) in public employment under Article 16(6) of the Indian Constitution?

(A) Fourteen percent

(B) Twelve percent

(C) Ten percent

(D) Seven percent

**33.** The Fundamental Right of Article 15 is provided to

(A) all natural persons

(B) all natural and artificial persons

(C) resident of India

(D) citizens of India

**34.** Consider the following statements :

1. No title, not being a military or academic distinction, shall be conferred by the State.
2. No citizen of India shall accept any title from any foreign State.
3. No person who is not a citizen of India shall, while he holds any office of profit or trust under the State, accept without the consent of the President any title from any foreign State.

Choose the correct answer from the options given below :

(A) 1 and 2

(B) 2 and 3

(C) 1 and 3

(D) 1, 2 and 3

**35.** Article 21-A of the Indian Constitution provides free and compulsory education to all children in which age group?

(A) six to twelve years

(B) six to fourteen years

(C) five to twelve years

(D) five to fifteen years

**36.** Child below the age of fourteen years may be

(A) employed to work in any factory

(B) employed to work in any mine

(C) engaged in any other hazardous employment

(D) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राज्य के अर्थ से संबंधित है?

(A) अनुच्छेद 12

(B) अनुच्छेद 13

(C) अनुच्छेद 14

(D) अनुच्छेद 11

**32.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16(6) के अंतर्गत लोक नियोजन में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) के लिए आरक्षण की अधिकतम सीमा क्या है?

(A) चौदह प्रतिशत

(B) बारह प्रतिशत

(C) दस प्रतिशत

(D) सात प्रतिशत

**33.** अनुच्छेद 15 का मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है

(A) सभी प्राकृतिक व्यक्तियों को

(B) सभी प्राकृतिक और कृत्रिम व्यक्तियों को

(C) भारत के निवासियों को

(D) भारत के नागरिकों को

**34.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राज्य, सेना या विद्या संबंधी सम्मान के सिवाय और कोई उपाधि प्रदान नहीं करेगा।
2. भारत का कोई नागरिक किसी विदेशी राज्य से कोई उपाधि स्वीकार नहीं करेगा।
3. कोई व्यक्ति, जो भारत का नागरिक नहीं है, राज्य के अधीन लाभ या विश्वास के किसी पद को धारण करते हुए किसी विदेशी राज्य से कोई उपाधि राष्ट्रपति की सहमति के बिना स्वीकार नहीं करेगा।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1 और 2

(B) 2 और 3

(C) 1. और 3.

(D) 1, 2 और 3

**35.** भारत के संविधान का अनुच्छेद 21-A कौन-सी आयु-वर्ग के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करता है?

(A) छह से बारह साल

(B) छह से चौदह साल

(C) पाँच से बारह साल

(D) पाँच से पंद्रह साल

**36.** चौदह वर्ष से कम उम्र के बच्चे को नियोजित किया जा सकता है

(A) किसी भी कारखाने में काम करने के लिए

(B) किसी भी खान में काम करने के लिए

(C) किसी अन्य परिसंकटमय रोजगार में

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** Who among the following shall have the right to establish and administer educational institutions of their choice?

(A) All minorities based on religion only

(B) All minorities based on religion or language

(C) All minorities based on territory or language

(D) All minorities based on territory or religion

**38.** Which of the following is ***not*** Directive Principle of State Policy under the Indian Constitution?

(A) Equal pay for equal work for both men and women

(B) Uniform civil code for the citizens

(C) Separation of religion from State

(D) Organization of Village Panchayats

**39.** To whom does the President address his resignation letter?

(A) The Prime Minister

(B) The Vice-President

(C) The Chief Justice of India

(D) The Speaker of the Lok Sabha

**40.** No person shall be eligible for appointment as Governor unless he has completed the age of

(A) thirty-five years

(B) thirty years

(C) twenty-five years

(D) twenty-one years

**41.** A person who has held office as a permanent Judge of a High Court can do legal practice in

(A) The Supreme Court only

(B) The High Court only

(C) The Supreme Court and High Court

(D) any court in India

**42.** The minimum number of Judges who are to sit for the purpose of deciding any case involving a substantial question of law as to the interpretation of this Constitution shall be

(A) two

(B) three

(C) five

(D) seven

**43.** Which of the following is ***not*** ground for proclamation of emergency under Article 352 of the Indian Constitution?

(A) War

(B) External aggression

(C) Armed rebellion

(D) Internal disturbance

**44.** During emergency, enforcement of which rights, conferred by Part–3, ***cannot*** be suspended?

(A) Articles 14, 15 and 16

(B) Articles 20 and 21

(C) Articles 23 and 24

(D) Article 22

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** इनमें में से किसे अपनी रुचि के शैक्षणिक संस्थानों को स्थापित करने और प्रशासित करने का अधिकार होगा?

(A) केवल धर्म पर आधारित सभी अल्पसंख्यकों को

(B) धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यकों को

(C) क्षेत्र या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यकों को

(D) क्षेत्र या धर्म पर आधारित सभी अल्पसंख्यकों को

**38.** भारतीय संविधान के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य का नीति निर्देशक तत्त्व **नहीं** है?

(A) पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन

(B) नागरिकों के लिए समान सिविल संहिता

(C) राज्य से धर्म का पृथक्करण

(D) ग्राम पंचायतों का संगठन

**39.** राष्ट्रपति अपना त्याग-पत्र किसे संबोधित करता है?

(A) प्रधानमंत्री

(B) उपराष्ट्रपति

(C) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(D) लोकसभा अध्यक्ष

**40.** कोई व्यक्ति राज्यपाल नियुक्त होने का पात्र तभी होगा जब वह

(A) पैंतीस वर्ष की आयु पूरी कर चुका है

(B) तीस वर्ष की आयु पूरी कर चुका है

(C) पच्चीस वर्ष की आयु पूरी कर चुका है

(D) इक्कीस वर्ष की आयु पूरी कर चुका है

**41.** कोई व्यक्ति, जिसने किसी उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में पद धारण किया है, वह निम्नलिखित में से कौन-से न्यायालय में विधि व्यवसाय कर सकता है?

(A) केवल उच्चतम न्यायालय में

(B) केवल उच्च न्यायालय में

(C) उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय में

(D) भारत में किसी भी न्यायालय में

**42.** यदि किसी मामले में संविधान के निर्वचन के बारे में विधि का कोई सारवान् प्रश्न अंतर्वलित है, उसका विनिश्चय करने के प्रयोजन के लिए बैठने वाले न्यायाधीशों की न्यूनतम संख्या होगी

(A) दो

(B) तीन

(C) पाँच

(D) सात

**43.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा आपात की उद्घोषणा का आधार **नहीं** है?

(A) युद्ध

(B) बाह्य आक्रमण

(C) सशस्त्र विद्रोह

(D) आंतरिक अशान्ति

**44.** जब आपात की उद्घोषणा प्रवर्तन में है, तब भाग-3 द्वारा प्रदत्त कौन-से अधिकारों के प्रवर्तन को निलम्बित **नहीं** किया जा सकता है?

(A) अनुच्छेद 14, 15 और 16

(B) अनुच्छेद 20 और 21

(C) अनुच्छेद 23 और 24

(D) अनुच्छेद 22

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** Which one of the following is ***not*** correctly matched?

(A) The Supreme Court to be a Court of record—Article 129

(B) Appellate jurisdiction of the Supreme Court in appeals from High Courts in regard to civil matters—Article 132

(C) Original jurisdiction of the Supreme Court—Article 131

(D) Power of the President to consult the Supreme Court—Article 143

**46.** The case of Bhikaji vs. State of Madhya Pradesh is related to which of the following doctrines?

(A) Doctrine of waiver

(B) Doctrine of eclipse

(C) Doctrine of pith and substance

(D) Doctrine of severability

**47.** Consider the following statements :

1. By Constitutional Amendment, the Parliament cannot destroy the basic features of the Constitution of India.
2. The President may return the Constitutional Amendment Bill to the Houses for reconsideration.
3. Constitutional Amendment Bill can be introduced in either House of the Parliament.

Choose the in correct answer from the options given below :

(A) 1 only

(B) 2 only

(C) 2 and 3

(D) 1 and 2

**48.** Which of the following Articles deals with the Parliamentary Privilege?

(A) Article 104

(B) Article 105

(C) Article 106

(D) Article 107

**49.** Article 311 provides the safeguards to civil servants against

(A) dismissal

(B) removal

(C) reduction in rank

(D) All of the above

**50.** 'Audi alteram partem' means

(A) no one shall be a judge in his own case

(B) equality before law

(C) Both (A) and (B)

(D) fair opportunity of being heard

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है?

(A) उच्चतम न्यायालय का अभिलेख न्यायालय होना—अनुच्छेद 129

(B) उच्च न्यायालयों से सिविल मामलों से संबंधित अपीलों में उच्चतम न्यायालय की अपीलीय अधिकारिता—अनुच्छेद 132

(C) उच्चतम न्यायालय की आरंभिक अधिकारिता—अनुच्छेद 131

(D) उच्चतम न्यायालय से परामर्श करने की राष्ट्रपति की शक्ति—अनुच्छेद 143

**46.** भीकाजी बनाम मध्य प्रदेश राज्य का मामला निम्नलिखित में से किस सिद्धांत से संबंधित है?

(A) अधित्याग का सिद्धांत

(B) आच्छादन का सिद्धांत

(C) सार और तत्त्व का सिद्धांत

(D) पृथक्करणीयता का सिद्धांत

**47.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संविधान संशोधन द्वारा, संसद भारत के संविधान की मूल विशेषताओं को नष्ट नहीं कर सकती है।
2. राष्ट्रपति संविधान संशोधन विधेयक को पुनर्विचार के लिए सदनों को लौटा सकते हैं।
3. संविधान संशोधन विधेयक संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से गलत उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 2 और 3

(D) 1 और 2

**48.** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संसदीय विशेषाधिकार से संबंधित है?

(A) अनुच्छेद 104

(B) अनुच्छेद 105

(C) अनुच्छेद 106

(D) अनुच्छेद 107

**49.** अनुच्छेद 311 लोक-सेवकों को किसके विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है?

(A) पदच्युति

(B) पद से हटाना

(C) पंक्ति से अवनत

(D) उपर्युक्त सभी

**50.** 'ऑडी अल्टरम पार्टीम' का अर्थ है

(A) कोई भी व्यक्ति अपने ही मामले में न्यायाधीश नहीं होगा

(B) विधि के समक्ष समानता

(C) (A) और (B) दोनों

(D) सुनवाई के निष्पक्ष अवसर

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** Which of the following is ***not*** source of International Law?

(A) International Conventions

(B) International Customs

(C) General principles of law recognized by civilized States

(D) None of the above

**52.** Under International Law, doctrine of 'pacta sunt servanda' is related with

(A) international treaties

(B) State responsibilities

(C) self-defence

(D) war

**53.** Which one of the following is ***not*** a principal organ of the United Nations?

(A) The General Assembly

(B) The Security Council

(C) The Trusteeship Council

(D) The Political Council

**54.** When a State grants asylum in its own territory, it is called

(A) territorial asylum

(B) extra-territorial asylum

(C) diplomatic asylum

(D) None of the above

**55.** Who among the following has viewed that a State is, and becomes, an international person, through recognition only and exclusively?

(A) Lauterpacht

(B) Edward Collins

(C) Oppenheim

(D) Hall

**56.** The non-permanent members of the Security Council of United Nations are elected for a term of

(A) three years

(B) five years

(C) two years

(D) four years

**57.** A belt of the sea which is adjacent to the coastal State and over which the coastal State exercises the sovereignty, is called

(A) territorial water

(B) innocent passage

(C) contiguous zone

(D) None of the above

**58.** The first United Nations Conference on Outer Space was held in

(A) 1964

(B) 1966

(C) 1968

(D) 1972

**59.** Breaking away of Bangladesh from Pakistan and becoming international person is an example of

(A) universal succession

(B) partial succession

(C) political succession

(D) war succession

**60.** Calvo Doctrine is related with

(A) State succession

(B) State responsibility

(C) recognition

(D) intervention

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय विधि का स्रोत **नहीं** है?

(A) अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय

(B) अंतर्राष्ट्रीय प्रथा

(C) सभ्य राष्ट्रों द्वारा स्वीकृत विधि के सामान्य नियम

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**52.** अंतर्राष्ट्रीय विधि के अंतर्गत 'पैक्टा संट सर्वंडा' का सिद्धांत किससे संबंधित है?

(A) अंतर्राष्ट्रीय संधि

(B) राज्य उत्तरदायित्व

(C) आत्मरक्षा

(D) युद्ध

**53.** निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख अंग **नहीं** है?

(A) महासभा

(B) सुरक्षा परिषद्

(C) न्यासधारिता परिषद्

(D) राजनीतिक परिषद्

**54.** जब कोई राज्य अपने क्षेत्र के भीतर आश्रय देता है, तो उसे कहा जाता है

(A) प्रादेशिक आश्रय

(B) बाहरी प्रादेशिक आश्रय

(C) राजनीतिक आश्रय

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55.** इनमें से किसने यह विचार व्यक्त किया है कि केवल मान्यता के माध्यम से ही कोई राज्य अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व को प्राप्त करता है?

(A) लाटरपाचट

(B) एडवर्ड कॉलिन्स

(C) ओपनहाइम

(D) हॉल

**56.** संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद् के अस्थायी सदस्य कितने वर्ष के लिए निर्वाचित किए जाते हैं?

(A) तीन वर्ष

(B) पाँच वर्ष

(C) दो वर्ष

(D) चार वर्ष

**57.** समुद्र का वह भाग, जो समुद्रतटीय राज्य से मिला होता है तथा राज्य के उस क्षेत्र पर प्रभुत्व सम्पन्नता होती है, कहलाता है

(A) सीमांतर्गत जलक्षेत्र

(B) निर्दोष मार्ग

(C) पार्श्ववर्ती क्षेत्र

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58.** बाहरी अंतरिक्ष पर पहला संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन आयोजित किया गया था

(A) 1964 में

(B) 1966 में

(C) 1968 में

(D) 1972 में

**59.** बांग्लादेश का पाकिस्तान से अलग होना और अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति बनना निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है?

(A) सार्वभौमिक उत्तराधिकार

(B) आंशिक उत्तराधिकार

(C) राजनीतिक उत्तराधिकार

(D) युद्ध उत्तराधिकार

**60.** काल्वो सिद्धांत संबंधित है

(A) राज्य उत्तराधिकार से

(B) राज्य के उत्तरदायित्व से

(C) मान्यता से

(D) हस्तक्षेप से

www.prepp.in

**61.** Which of the following is ***not*** an essential element of State?

(A) Population

(B) Definite territory

(C) Democracy

(D) Capacity to enter in relation with other States

**62.** The tenure of the Judges of the International Court of Justice is

(A) two years

(B) three years

(C) five years

(D) nine years

**63.** Which of the following is ***not*** an organ of the World Health Organization?

(A) World Health Assembly

(B) Executive Board

(C) Secretariat

(D) Executive Committee

**64.** Which of the following criminals is ***not*** extradited?

(A) Military criminal

(B) Political criminal

(C) Religious criminal

(D) All of the above

**65.** Which of the following countries has ***not*** signed the Comprehensive Test Ban Treaty (CTBT)?

(A) India

(B) Pakistan

(C) North Korea

(D) All of the above

**66.** Which of the following cases is related to nationality?

(A) Nottebohm case

(B) Netto case

(C) Lovelace case

(D) Arantzazu Mendi case

**67.** Who among the following is ***not*** supporter of monistic theory?

(A) Wright

(B) Kelsen

(C) Duguit

(D) Anzilotti

**68.** The Rann of Kutch dispute was settled by

(A) the Security Council

(B) the International Arbitration

(C) the General Assembly

(D) None of the above

**69.** Which one of the following is ***not*** a function of the Security Council?

(A) Elective function

(B) Supervisory function

(C) Advisory function

(D) Constituent function

**70.** In which of the following offences mere preparation to commit the offence is punishable?

(A) Murder

(B) Theft

(C) Dacoity

(D) Extortion

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य का आवश्यक तत्त्व **नहीं** है?

(A) जनसंख्या

(B) निश्चित क्षेत्र

(C) लोकतंत्र

(D) अन्य राष्ट्रों से संबंध बनाने की क्षमता

**62.** अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायाधीशों का कार्यकाल होता है

(A) दो वर्ष

(B) तीन वर्ष

(C) पाँच वर्ष

(D) नौ वर्ष

**63.** निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व स्वास्थ्य संगठन का अंग **नहीं** है?

(A) विश्व स्वास्थ्य सभा

(B) कार्यकारी बोर्ड

(C) सचिवालय

(D) कार्यकारी समिति

**64.** निम्नलिखित में से किस अपराधी का प्रत्यर्पण नहीं किया जाता है?

(A) सैन्य अपराधी

(B) राजनीतिक अपराधी

(C) धार्मिक अपराधी

(D) उपर्युक्त से सभी

**65.** निम्नलिखित में से किस देश ने व्यापक आणविक परीक्षण निषेध संधि (सी० टी० बी० टी०) पर हस्ताक्षर **नहीं** किए हैं?

(A) भारत

(B) पाकिस्तान

(C) उत्तर कोरिया

(D) उपर्युक्त सभी

**66.** निम्नलिखित में से कौन-सा मामला राष्ट्रीयता से संबंधित है?

(A) नाटेबाम वाद

(B) नेटो वाद

(C) लवलेस वाद

(D) अरन्तजाजू मेन्डी वाद

**67.** इनमें से कौन एकात्मकवाद के सिद्धांत के समर्थक **नहीं** हैं?

(A) राइट

(B) केल्सेन

(C) ड्यूगीट

(D) एंजिलोटी

**68.** कच्छ के रण के विवाद का निपटारा किसके द्वारा किया गया?

(A) सुरक्षा परिषद्

(B) अंतर्राष्ट्रीय माध्यस्थम

(C) महासभा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सा सुरक्षा परिषद् का कार्य नहीं है?

(A) निर्वाचन-संबंधी कार्य

(B) पर्यवेक्षण-संबंधी कार्य

(C) सलाहकारी कार्य

(D) संवैधानिक कार्य

**70.** निम्नलिखित में से किस अपराध में केवल अपराध करने की तैयारी दण्डनीय है?

(A) हत्या

(B) चोरी

(C) डकैती

(D) उद्दापन

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**71.** How many types of grievous hurt are there in Section 320 of the Indian Penal Code?

(A) Five

(B) Six

(C) Seven

(D) Eight

**72.** When two or more persons, by fighting in a public place, disturb the public peace, they are guilty of

(A) mutiny

(B) affray

(C) riot

(D) unlawful assembly

**73.** How many exceptions to the offence of defamation are there in Section 499 of the Indian Penal Code?

(A) Six

(B) Eight

(C) Ten

(D) Twelve

**74.** Which of the following cases is related with the concept of 'Grave and Sudden Provocation'?

(A) K. M. Nanavati vs. State of Maharashtra

(B) Reg vs. Govinda

(C) Bachan Singh vs. State of Punjab

(D) All of the above

**75.** What is the age limit for offence of kidnapping from lawful guardianship under Section 361 of the Indian Penal Code?

(A) Sixteen years for male and eighteen years for female

(B) Eighteen years for male and twenty-one years for female

(C) Eighteen years for both male and female

(D) Twenty-one years for both male and female

**76.** Section 496 of the Indian Penal Code deals with

(A) marrying again during lifetime of husband or wife

(B) enticing or taking away or detaining with criminal intent a married woman

(C) marriage ceremony fraudulently gone through without lawful marriage

(D) adultery

**77.** Maximum limit of solitary confinement at a time is

(A) 12 days

(B) 7 days

(C) 10 days

(D) 14 days

**78.** Offence of abetment can be constituted by

(A) instigation

(B) conspiracy

(C) intentional aid

(D) All of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**71.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 320 में घोर उपहति के कितने प्रकार दिए गए हैं?

(A) पाँच

(B) छह

(C) सात

(D) आठ

**72.** जब दो या अधिक व्यक्ति लोक-स्थान में लड़कर लोक शांति में विघ्न डालते हैं, तब वे कौन-से अपराध के लिए दोषी हैं?

(A) विद्रोह

(B) दंगा

(C) बलवा

(D) विधिविरुद्ध जमाव

**73.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 499 के अंतर्गत मानहानि के अपराध के कितने अपवाद हैं?

(A) छह

(B) आठ

(C) दस

(D) बारह

**74.** निम्नलिखित में से कौन-सा मामला 'गंभीर और अचानक प्रकोपन' की अवधारणा से संबंधित है?

(A) के० एम० नानावती बनाम महाराष्ट्र राज्य

(B) रेग बनाम गोविंदा

(C) बचन सिंह बनाम पंजाब राज्य

(D) उपर्युक्त सभी

**75.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 361 के अंतर्गत विधिपूर्ण संरक्षकता में से व्यपहरण के अपराध के लिए आयु-सीमा क्या है?

(A) पुरुष के लिए सोलह वर्ष और स्त्री के लिए अठारह वर्ष

(B) पुरुष के लिए अठारह वर्ष और स्त्री के लिए इक्कीस वर्ष

(C) पुरुष और स्त्री दोनों के लिए अठारह वर्ष

(D) पुरुष और स्त्री दोनों के लिए इक्कीस वर्ष

**76.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 496 किससे संबंधित है?

(A) पति या पत्नी के जीवनकाल में पुनः विवाह करना

(B) विवाहित स्त्री को आपराधिक आशय से फुसलाकर ले जाना, या निरुद्ध करना

(C) विधिपूर्ण विवाह के बिना कपटपूर्वक विवाह कर्म पूरा कर लेना

(D) जारकर्म

**77.** एक बार में एकांत कारावास की अधिकतम सीमा होती है

(A) 12 दिन

(B) 7 दिन

(C) 10 दिन

(D) 14 दिन

**78.** अपराध का दुष्प्रेरण गठित किया जा सकता है

(A) उकसा कर

(B) षड्यंत्र द्वारा

(C) साशय सहायता द्वारा

(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**79.** Every offence under the Protection of Civil Rights Act shall be tried summarily if offence is

(A) punishable for a term of less than three months

(B) punishable for a term of less than six months

(C) punishable for a term of less than nine months

(D) punishable for a term of less than one year

**80.** Every offence under the Dowry Prohibition Act shall be

(A) non-bailable and non-compoundable

(B) non-bailable and compoundable

(C) bailable and compoundable

(D) bailable and non-compoundable

**81.** Minimum how many women members will be there in the Advisory Board constituted under Section 9-B of the Dowry Prohibition Act?

(A) One

(B) Two

(C) Three

(D) Four

**82.** The word 'Tort' has been derived from the

(A) English Language

(B) French Language

(C) Latin Language

(D) Roman Language

**83.** Under the Prevention of Food Adulteration Act, food ***does not*** include

(A) drug

(B) water

(C) Both (A) and (B)

(D) fruit

**84.** The rule of strict liability was laid down in Rylands vs. Fletcher by

(A) Atkin

(B) Winfield

(C) Blackburn

(D) Stefen

**85.** Vicarious liability means

(A) Master's liability

(B) Servant's liability

(C) People's liability

(D) Absolute liability

**86.** Which one of the following is ***not*** matched properly?

(A) Ashby vs. White—Injuria Sine Damnum

(B) Gloucester Grammar School case—Damnum Sine Injuria

(C) Vaughan vs. Taff Valde Rail Co.—Statutory Authority

(D) Nichols vs. Marsland—Inevitable accident

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**79.** सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत हर अपराध संक्षिप्त विचारणीय होंगे, यदि वे

(A) तीन मास से कम अवधि के लिए दण्डनीय हैं

(B) छह मास से कम अवधि के लिए दण्डनीय हैं

(C) नौ मास से कम अवधि के लिए दण्डनीय हैं

(D) एक वर्ष से कम अवधि के लिए दण्डनीय हैं

**80.** दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक अपराध होगा

(A) अजमानतीय और अशमनीय

(B) अजमानतीय और शमनीय

(C) जमानतीय और शमनीय

(D) जमानतीय और अशमनीय

**81.** दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 9-B के अंतर्गत गठित सलाहकार बोर्ड में कम-से-कम कितनी महिला सदस्य होंगी?

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

**82.** 'अपकृत्य' शब्द की व्युत्पत्ति हुई है

(A) अंग्रेजी भाषा से

(B) फ्रांसीसी भाषा से

(C) लैटिन भाषा से

(D) रोमन भाषा से

**83.** खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम के अंतर्गत खाद्य में सम्मिलित **नहीं** है

(A) औषधि

(B) जल

(C) (A) तथा (B) दोनों

(D) फल

**84.** राइलैंड बनाम फ्लेचर के वाद में कठोर दायित्व का सिद्धांत प्रतिपादित किया था

(A) एटकिन ने

(B) विनफील्ड ने

(C) ब्लैकबर्न ने

(D) स्टीफेन ने

**85.** प्रतिनिधिक दायित्व का अर्थ है

(A) स्वामी का दायित्व

(B) सेवक का दायित्व

(C) जनता का दायित्व

(D) पूर्ण दायित्व

**86.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही **नहीं** है?

(A) एशबी बनाम व्हाइट—इंजुरिया साइन डैमनम

(B) ग्लूसेस्टर ग्रामर स्कूल वाद—डैमनम साइन इंजुरिया

(C) वोघन बनाम टैफे वेले रेल कंपनी—कानूनी प्राधिकार

(D) निकोलस बनाम मार्सलैंड—अवश्यम्भावी दुर्घटना



prepp Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** Which of the following is extra-judicial remedies under Law of Tort?

(A) Damages
(B) Injunction
(C) Abatement of nuisance
(D) Specific restitution of property

**88.** Consider the following statements under the Law of Tort :

1. Public nuisance is crime.
2. Private nuisance is civil wrong.

Choose the correct answer from the options given below :

(A) 1 and 2 are correct
(B) 1 is correct and 2 is incorrect
(C) 1 and 2 are incorrect
(D) 1 is incorrect and 2 is correct

**89.** "There could be no contribution of the amount to damages between the joint tortfeasors." This rule was laid down in

(A) Khushalrao vs. Bapurao Ganpatrao
(B) Merryweather vs. Nixon
(C) Dharni Dhar vs. Chandra Shekhar
(D) Shiv Sagar Lal vs. Mata Din

**90.** Last opportunity rule is related with

(A) contributory negligence
(B) nuisance
(C) strict liability
(D) absolute liability

**91.** Which of the following is not correctly matched?

(A) 'Ubi jus ibi remedium' —where there is right, there is remedy
(B) 'Res ipsa loquitur'—things speak itself
(C) 'Vis major'—Act of God
(D) 'Volenti non fit injuria'—private defence

**92.** Which of the following is ***not*** defence of defamation under Law of Tort?

(A) Justification of truth
(B) Fair comment
(C) Privileged statement
(D) Innuendo

**93.** 'Qui facit per alium facit perse' is ground of

(A) vicarious liability
(B) volenti non fit injuria
(C) injuria sine damnum
(D) damnum sine injuria

**94.** 'Pigeon-hole theory' is propounded by

(A) Salmond
(B) Austin
(C) Winfield
(D) Dr. Jenks

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** निम्नलिखित में से कौन-सा अपकृत्य विधि के अंतर्गत न्यायेतर उपचार है?

(A) नुकसानी

(B) व्यादेश

(C) उपताप का अपशमन

(D) संपत्ति की पुनर्प्राप्ति

**88.** अपकृत्य विधि के अंतर्गत निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सार्वजनिक उपताप एक अपराध है।

2. निजी उपताप एक सिविल दोष है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1 और 2 सही है

(B) 1 सही है और 2 गलत है

(C) 1 और 2 गलत हैं

(D) 1 गलत है और 2 सही है

**89.** "संयुक्त अपकृत्यकर्ताओं के बीच नुकसानी की राशि का परस्पर कोई अंशदान नहीं हो सकता है।" यह नियम कौन-से वाद में प्रतिपादित किया गया?

(A) खुशहालराव बनाम बापूराव गणपतराव

(B) मेरिवेदर बनाम निक्सन

(C) धरनी धर बनाम चंद्र शेखर

(D) शिव सागर लाल बनाम माता दीन

**90.** अंतिम अवसर का नियम संबंधित है

(A) योगदायी उपेक्षा से

(B) उपताप से

(C) कठोर दायित्व से

(D) पूर्ण दायित्व से

**91.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है?

(A) उबी जस इबी—जहाँ अधिकार है, रेमेडियम वहाँ उपचार है

(B) रेस इप्सा लोक्यूटर—चीजें स्वयं बोलती हैं

(C) विस मेजर—दैवी कृत्य

(D) वोलेंटी नॉन फिट—निजी प्रतिरक्षा इंजुरिया

**92.** अपकृत्य विधि के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा मानहानि का बचाव **नहीं** है?

(A) सत्य का औचित्य

(B) निष्पक्ष आलोचना

(C) विशेषाधिकृत वक्तव्य

(D) वक्रोक्ति

**93.** 'क्वी फेसिट पर एलियम फेसिट पर सी' आधार है

(A) प्रतिनिधिक दायित्व का

(B) वोलेंटी नॉन फिट इंजुरिया का

(C) इंजुरिया साइन डैमनम का

(D) डैमनम साइन इंजुरिया का

**94.** 'कबूतरखाना का सिद्धांत' किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया?

(A) सामंड

(B) ऑस्टिन

(C) विनफील्ड

(D) डॉ० जेन्क्स

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**95.** Which one of the following is ***not*** exception to the rule of strict liability?

(A) Act of God

(B) Act of third party

(C) Statutory authority

(D) Private defence

**96.** Under Law of Tort, nuisance is

(A) actionable per se

(B) not actionable per se

(C) actionable per se if plaintiff suffers pecuniary loss

(D) None of the above

**97.** "Contract is an agreement creating and defining obligations between parties." This definition is given by

(A) Salmond

(B) Anson

(C) Pollock

(D) Holland

**98.** *A* proposes, by letter, to sell a house to *B* at a certain price. The communication of the proposal is complete

(A) when *A* decides to write letter

(B) when *A* writes the letter

(C) when the letter is posted by *A*

(D) when *B* receives the letter

**99.** *A* sells, by auction, to *B*, a horse which *A* knows to be unsound. *A* says nothing to *B* about the horse's unsoundness. *A* employs

(A) fraud

(B) undue influence

(C) coercion

(D) None of the above

**100.** Consider the following statements :

1. A person who finds goods belonging to another, and takes them into his custody, is subject to the same responsibility as a bailee.

2. A person to whom money has been paid by mistake, must repay it.

Choose the correct answer from the options given below :

(A) 1 and 2 both are true

(B) 1 and 2 both are false

(C) 1 is true and 2 is false

(D) 1 is false and 2 is true

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**95.** निम्नलिखित में से कौन-सा कठोर दायित्व के नियम का अपवाद **नहीं** है?

(A) दैवी कृत्य

(B) अन्य व्यक्ति का कार्य

(C) कानूनी प्राधिकार

(D) निजी प्रतिरक्षा

**96.** अपकृत्य विधि के अंतर्गत उपताप

(A) स्वतः अनुयोज्य है

(B) स्वतः अनुयोज्य नहीं है

(C) यदि वादी को आर्थिक नुकसान होता है तभी स्वतः अनुयोज्य है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**97.** "संविदा एक ऐसा करार है जो पक्षकारों के बीच दायित्वों का सर्जन एवं उन्हें परिभाषित करता है।" यह परिभाषा किसने दी?

(A) सामंड

(B) एनसन

(C) पोलॉक

(D) हॉलैंड

**98.** *A* अमुक कीमत पर *B* को गृह बेचने की पत्र द्वारा प्रस्थापना करता है, प्रस्थापना तब संपूर्ण हो जाती है

(A) जब *A* पत्र लिखने का निर्णय करता है

(B) जब *A* पत्र लिखता है

(C) जब पत्र *A* द्वारा डाक में डाल दिया जाता है

(D) जब *B* को पत्र प्राप्त होता है

**99.** *A* नीलाम द्वारा *B* को एक घोड़ा बेचता है जिसके बारे में *A* जानता है कि वह ऐबदार है। *A* घोड़े के ऐब के बारे में *B* को कुछ नहीं कहता। यहाँ *A* प्रयोग करता है

(A) कपट का

(B) असम्यक् असर का

(C) उत्पीड़न का

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**100.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वह व्यक्ति, जो किसी अन्य व्यक्ति का माल पड़ा पाता है और अपनी अभिरक्षा में लेता है, उसी उत्तरदायित्व के अध्यधीन है जिसके अध्यधीन उपनिहिती होता है।

2. जिस व्यक्ति को भूल के अधीन धन संदत्त किया गया है, उसे उसका प्रतिसंदाय करना होगा।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) 1 और 2 दोनों सत्य हैं

(B) 1 और 2 दोनों असत्य हैं

(C) 1 सत्य है और 2 असत्य है

(D) 1 असत्य है और 2 सत्य है

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20/FI/CC/M–2023–17**

पुस्तिका शृंखला

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**B**

## प्रश्न-पुस्तिका
# विधि

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ संख्या 30 और 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई पृष्ठ या प्रश्न गायब या बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको प्रश्न-पुस्तिका सहित उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
8. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
11. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
13. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षाकक्ष को छोड़ें।

**Note** : English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.

SEAL